Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of sanctioned road projects in Rewa district, Madhya Pradesh-Laid

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): रीवा जिला अंतर्गत वन टाइम इन्वेस्टमेंट पालिसी के तहत -----

(1) राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के छूटे हुए शहरी भाग,हनुमना, मऊगंज, देवतालाब,रघुनाथगंज में 18.94 किलोमीटर, लागत 4158.08 लाख रुपये ।

(2) राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के मनगवां एवं रायपुर कर्चुलियान के छूटे हुए शहरी भाग के 9.30 किलोमीटर, लागत 1743.04 लाख रुपये, एवं (3) राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के छूटे हुए शहरी भाग गुढ़ के 01 किलोमीटर लागत, 764.68 लाख रुपये की कुल 31 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने उक्त सभी सड़कों के निर्माण स्वीकृति कर दी है लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है । मंत्री जी अनुरोध है कि उक्त सड़कों के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार को निर्देशित करने की कृपा करे ।